उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 14.04.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अग्नि शमन स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि, जागरुकता प्रचार वाहन को दिखाई गयी हरी झण्डी ।

फायर सर्विस कर्मी हर दिन आग से खेलने का काम करते हैं इस खतरनाक काम को अंजाम देते हुए उन्हें अपनी जान की भी फिक्र नहीं होती, फिक्र होती है तो उन्हें सिर्फ उस जलते मंजर या फिर उसमें धधकती जिंदगी को बचाने की।

ऐसी ही एक घटना **14** अप्रैल **1944** दिन शुक्रवार को हुई जब विक्टोरिया डाक मुंबई में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा फोर्ट स्टीफन के मालवाहक पानी का जहाज लपटों के आगोश में समा गया आग पर काबू पाने के लिए मुंबई फायर सर्विस के सैंकडों अधिकारी कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे अदम्य साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए इन जांबाज अग्निशमन कर्मचारियों ने ज्वाला पर आग काबू करने का संपूर्ण प्रयत्न किया अथक प्रयास के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया लेकिन इस दौरान **66** बहादुर फायर कर्मियों को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी इन्ही अमर शहीदों की याद में 14 अप्रैल को संपूर्ण देश में "राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस" मनाया जाता है यह दिन उन बहादुर **66** फायर कर्मियों को समर्पित है।

इसी क्रम में आज दिनांक 14.04.2024 को राष्ट्रीय अग्निशमन स्मृति दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम द्वारा फायर स्टेशन महोबा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा देवेश तिवारी की उपस्थिति में शहीद हुये अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं फायर स्टेशन के कर्मचारियों को फ्लैग पिन किया गया तथा नागरिकों को अग्नि से बचाव तथा सावधानी बरतने के संबंध में जागृत करने के लिए हरी झण्डी दिखाकर "अग्निशमन सेवा सप्ताह" (14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक) का शुभारम्भ करते हुए प्रचार वाहन को रवाना किया गया। अग्निशमन से सम्बन्धित जागरुकता वाहन के द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं भीडभाड वाले स्थानों में जाकर आमजनमानस को अग्निसुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरुक किया गया।









# थाना खरेला की पुलिस टीम ने सक्रिय हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को 600 ग्राम अवैध गांजा के साथ किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री गोपालचन्द्र कनौजिया द्वारा गठित टीम के व0उ0नि0 अरविन्द कुमार उपाध्याय व उ0नि0 सुनील कुमार मिश्र द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर एक नफर अभियुक्त राहुल तिवारी पुत्र रामकुमार तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुआं थाना खरेला जनपद महोबा को ग्राम कुआ के तरफ जाने वाले बनी पुलिया से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 600 ग्राम सूखा अवैध गांजा बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 42/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया ध्यातव्य रहे कि अभियुक्त उपरोक्त थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 24/24 धारा 147/148/452/354ख/354/504/506 भादवि में वाछिंत तथा एसटी नं 663/2020 मु0अ0स0 456/19 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली महोबा में मा0 न्यायालय द्वारा वारण्ट भी निर्गत किया गया था अभियुक्त राहुल तिवारी उपरोक्त थाना स्थानीय का सक्रिय हिस्टीशीटर अपराधी है। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

राहूल तिवारी पुत्र रामकुमार तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुआं थाना खरेला जनपद महोबा

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.व0उ0नि0 अरविन्द कुमार उपाध्याय
2.उ0नि0 सुनील कुमार मिश्र
3.का0 महेश प्रसाद



# थाना अजनर की पुलिस टीम ने 02 अभियुक्तों को 03 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी टीम के उ0नि0 हरीशंकर यादव द्वारा मुखिबर की सूचना पर अजनर बस स्टैंड चौराहा से 02 नफर अभियुक्तगण 1. राकेश यादव पुत्र द्वारिका यादव उम्र करीब 41 वर्ष 2. प्रमोद अहिरवार पुत्र रामचरन उम्र करीब 27 वर्ष के कब्जे से क्रमशः 01 किलो 300 ग्राम व 01 किलो 700 ग्राम (कुल 03 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा नाजायज) बरामद कर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना अजनर पर क्रमशः मु.अ.स. 77/2024 व मु.अ.सं. 78/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की गयी ।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

1.राकेश यादव पुत्र द्वारिका यादव उम्र करीब 41 वर्ष नि0 17 विरला रोड नियर देवी श्री शिक्षा आयतन स्कूल चरक टाला उत्तरपाड़ा कोतरूंगम, मेखला हूघली वेस्ट बंगाल हाल पता ग्राम यादवपुर दुघहरन थाना यादवपुर जिला गोपालगंज (बिहार)
2. प्रमोद अहिरवार पुत्र रामचरन उम्र करीब 27 वर्ष नि0 ग्राम लोहरगांव थाना महोबकंठ जनपद महोबा




## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 हरीशंकर यादव
2.उ0नि0 योगेश रावत
3.कां0 धीरज कनौजिया
4.कां0 धर्मेन्द्र कुमार
5.कां0 सुर्यांश बुन्देला

# थाना अजनर की पुलिस टीम ने 02 अभियुक्तों को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी टीम के व0उ0नि0 अनुरूद्ध प्रताप सिंह द्वारा मुखिबर की सूचना पर मेडी की पुलिया के पास भगारी रोड से 02 नफर अभियुक्तगण 1.जगतराज कुशवाहा पुत्र जगदीश कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष 2. राजकुमार पुत्र लखन लाल कुशवाहा उम्र करीब 23 वर्ष के कब्जे से क्रमशः एक अदद अद्धी 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना हाजा पर मु.अ.सं. 75/2024 व मु.अ.सं. 76/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की गयी ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 अनुरूद्ध प्रताप सिंह
2. उ0नि0 हार्दिक सिंह
3. कां0 रामनरेश कां0 रामकुमार
4. का0 बृजेश कुमार यादव

## गिरफ्तार अभियुक्त-

1.जगतराज कुशवाहा पुत्र जगदीश कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम भगारी थाना अजनर जनपद महोबा

2. राजकुमार पुत्र लखन लाल कुशवाहा उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम भगारी थाना अजनर जनपद महोबा



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात प्रभारी द्वारा चलाया गया विशेष अभियान, यातायात नियमों का पालन की अपील की गयी ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बेतरतीब फर्राटा फर रहे आटो चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। मनमानी ढंग से शहर के प्रमुख चौराहों व सड़क के बीचो-बीच आटो रोककर अतिरिक्त सवारी बैठाने को लेकर विशेष अभियान चलाया गया जिसमें क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले आटो चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि शहर में गतिमान यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं स्थानीय लोगो को जाम की स्थिति से निजात दिलाये जाने व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाने वाले आटो चालकों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी। यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस/वाहन चालक को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी।



